# पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा

## संभावित पेपर-5

**1. धनुर्वेद, यजुर्वेद का उपवेद है इसका संबंध निम्न में से किससे है?**

(अ) चिकित्सा से (ब) वास्तुकला से

(स) कला एवं संगीत से (द) युद्ध कौशल से

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** धनुर्वेद, यजुर्वेद का एक उपवेद है इसके अंतर्गत धनुर्विद्या या सैन्य विज्ञान आता है धनुर्वेद वह शास्त्र है जिसमें धनुष चलाने की विद्या का निरूपण किया गया है मधुसूदन सरस्वती ने अपने प्रस्थान भेद नामक ग्रंथ में धनुर्वेद और यजुर्वेद का उपवेद लिखा है

**2. मध्यप्रदेश के किस राष्ट्रीय उद्यान में कृष्ण मृगों की बहुतायत है?**

(अ) सतपुड़ा (ब) पेंच (स) बांधवगढ़ (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** मध्य प्रदेश के पेंच राष्ट्रीय उद्यान में कृष्ण मृगों की संख्या सर्वाधिक है यह उद्यान प्रोजेक्ट टाइगर में भी शामिल है

**3. दिल्ली सल्तनत की पहली महिला शासिका रजिया सुल्तान किस राजवंश से संबंधित थी?**

(अ) खिलजी राजवंश (ब) लोधी राजवंश

(स) मुगल वंश (द) दास राजवंश

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** दिल्ली सल्तनत की पहली महिला शासिका रजिया सुल्तान अथवा मामलूक वंश से संबंधित थी वह इल्तुतमिश की बेटी थी

**4. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान किस जिले में है?**

(अ) शिवपुरी (ब) शहडोल (स) मंडला (द) पन्ना

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान प्रदेश के मंडला जिले में स्थित है कान्हा किसली को 1933 में अभयवन, 1952 में अभ्यारण तथा 1955 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया

**5. जलियांवाला बाग हत्याकांड----- के विरोध का प्रत्यक्ष परिणाम है?**

(अ) भारतीय रक्षा अधिनियम (ब) रॉलेट अधिनियम

(स) मोंटेग्यू चेम्सफोर्ड सुधार (द) मार्ले मिंटो सुधार

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** जलियांवाला बाग हत्याकांड रॉलेट एक्ट के विरोध का प्रत्यक्ष परिणाम था

**6. ग्वालियर से भोपाल जाते समय गाड़ी किस नदी के पुल से गुजरती है?**

(अ) नर्मदा (ब) चंबल (स) पार्वती (द) बेतवा

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** ग्वालियर से भोपाल जाते समय बेतवा नदी को पार करना होता है अतः गाड़ी बेतवा नदी के पुल को पार करती है जबकि इंदौर से भोपाल जाते समय गाड़ी पार्वती नदी के पुल से होकर गुजरती है

**7. भारत के संविधान के लागू होने के समय इसमें मूलत: कुल कितने अनुच्छेद थे?**

(अ) 396 (ब) 391 (स) 392 (द) 395

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** भारत के संविधान के लागू होने के समय इसमें मूलतः एक प्रस्तावना, 395 अनुच्छेद, 8 अनुसूची तथा 22 भाग थे वर्तमान में इसमें एक प्रस्तावना, 395 अनुच्छेद, 22 भाग और 12 अनुसूचियां हैं

**8. भरहूत स्तूप की खोज किसने की है?**

(अ) कनिंघम (ब) शाहनी (स) जॉन मार्शल (द) श्री वाकणकर

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश के सतना जिले में स्थित भरहूत स्तूप का निर्माण मौर्य सम्राट अशोक ने कराया था इस स्तूप का सर्वप्रथम 1873 ईस्वी में कनिंघम महोदय द्वारा लगाया गया था

**9. भारत के संविधान में मौलिक अधिकारों को पारित करने का विचार किस देश के संविधान से प्रेरित था?**

(अ) कनाडा (ब) ऑस्ट्रेलिया (स) इंग्लैंड (द) अमेरिका

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों का विचार अमेरिका के संविधान से लिया गया है मौलिक अधिकार वे मूलभूत अधिकार है जो किसी व्यक्ति के जीवन यापन हेतु मौलिक एवं अनिवार्य होने के कारण संविधान के द्वारा नागरिकों को प्रदान किए जाते हैं

**10. चीनी यात्री ह्वेनसांग ने किस स्थल का भ्रमण किया था?**

(अ) महिष्मति (ब) चंदेरी (स) भूमरा (द) दशापुर

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** वर्तमान महेश्वर के नाम से जाना जाने वाला महिष्मति चेदि जनपद की राजधानी रहा है माना जाता है कि चीनी यात्री ह्वेनसांग ने लगभग 640 ई. में इस स्थल का भ्रमण किया था जिसके अनुसार उस समय यहां का शासक ब्राह्मण था

**11. सौरमंडल का हीलियोसेंट्रिक मॉडल सर्वप्रथम किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया था?**

(अ) जोहानेस केप्लर (ब) गैलीलियो गैलिली

(स) विलियम हर्शेल (द) निकोलस कॉपरनिकस

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** सौरमंडल का सूर्य केंद्रीय सिद्धांत सर्वप्रथम निकोलस कॉपरनिकस द्वारा प्रस्तुत किया गया था निकोलस कॉपरनिकस को आधुनिक खगोल विज्ञान का संस्थापक माना जाता है उन्होंने ही सबसे पहले कहा था कि सूर्य ब्रह्मांड के केंद्र में है और पृथ्वी सहित सभी ग्रह सूर्य का चक्कर लगाते हैं

**12. मध्यप्रदेश में किस स्थान पर प्रतिवर्ष अखिल भारतीय शास्त्रीय नृत्य उत्सव होता है?**

(अ) मैहर (ब) ग्वालियर (स) खजुराहो (द) भोपाल

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** खजुराहो नृत्य समारोह मध्य प्रदेश का ही नहीं भारत का सबसे बड़ा नृत्य समारोह है जिसमें भारतीय शास्त्रीय नृत्य की सभी परंपरागत शैली के प्रतिष्ठित कलाकार भाग लेते हैं यह आयोजन प्रतिवर्ष होता है

**13. भारत की सबसे बड़ी खारे पानी की झील___ में स्थित है?**

(अ) रेगिस्तान क्षेत्र (ब) कृष्णा डेल्टा

(स) गंगा डेल्टा (द) महा नदी डेल्टा

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** भारत की खारे पानी की सबसे बड़ी झील चिल्का झील है यह झील उड़ीसा राज्य में महानदी डेल्टा पर अवस्थित है भारत की सबसे बड़ी अंतः स्थलीय खारे पानी की झील सांभर झील है

**14. मध्यप्रदेश के इस शहर को साइंस सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा?**

(अ) इंदौर (ब) भोपाल (स) देवास (द) उज्जैन

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** मध्य प्रदेश की पहली तथा देश की तीसरी साइंस सिटी के क्षेत्र में औद्योगिक नगरी देवास को विकसित करने की योजना है जिसकी लागत एक अरब 11 करोड़ होगी

**15. गरबा नृत्य निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है?**

(अ) राजस्थानी नृत्य है (ब) महाराष्ट्रीयन नृत्य है

(स) कश्मीरी नृत्य है (द) गुजराती नृत्य है

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** गरबा नृत्य गुजरात राज्य का एक लोक नृत्य है जो गीत नृत्य और नाटक की समृद्ध परंपरा का निरूपण करता है यह मिट्टी के मटके जिसे गरबो कहते हैं को पानी से भर गए इसके चारों और महिलाओं द्वारा किया जाने वाला नृत्य है गरबा गुजरात की महिलाओं द्वारा किया जाने वाला नृत्य है यह नृत्य नवरात्रि, शरद पूर्णिमा, बसंत पंचमी, होली और अन्य उत्सवों में किया जाता है इसे गर्भदीप भी कहते हैं

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**16. विश्व वन्यजीव दिवस किस दिन मनाया जाता है?**

(अ) 3 जून (ब) 3 मार्च (स) 12 अप्रैल (द) 8 सितंबर

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** संयुक्त राष्ट्र संघ प्रतिवर्ष 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाता है

**17. इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस का हेड क्वार्टर कहां स्थित है?**

(अ) पेरिस (ब) वाशिंगटन डी.सी. (स) न्यूयॉर्क (द) दि हेग

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय संयुक्त राष्ट्र का प्रधान न्यायिक अंग है जिसका गठन संयुक्त राष्ट्र चार्टर द्वारा वर्ष 1945 में किया गया था अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय नीदरलैंड के दि हेग में स्थित है

**18. विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय कहां स्थित है?**

(अ) जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका

(ब) मांडलुयॉन्ग, फिलीपींस

(स) मैड्रिड, स्पेन

(द) फ्रैंकफर्ट, जर्मनी

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** विश्व पर्यटन संगठन का मुख्यालय स्पेन के मैड्रिड शहर में स्थित है विश्व पर्यटन संगठन संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी है **जोअ** सार्वभौमिक रूप से सुलभ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है विश्व पर्यटन दिवस हर साल 27 सितंबर को मनाया जाता है

**19. राष्ट्रीय भूभौतिकी अनुसंधान संस्थान कहां पर स्थित है?**

(अ) जमशेदपुर (ब) हैदराबाद (स) मुंबई (द) जयपुर

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** राष्ट्रीय भूभौतिकी अनुसंधान संस्थान हैदराबाद में स्थित है पृथ्वी विज्ञान के बहुविषयी क्षेत्रों में अनुसंधान करने के ध्येय से राष्ट्रीय भूभौतिकी अनुसंधान की स्थापना 1961 में की गई

**20. अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के लिए नामांकित होने वाली पहली भारतीय महिला इनमें से कौन है?**

(अ) चंदाकोचर (ब) अंजुम चोपड़ा

(स) नीता अंबानी (द) मिथाली राज

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** नीता अंबानी अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की पहली भारतीय महिला सदस्य बनी रियो में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की 129 वें सम्मेलन में उनका चुनाव किया गया

**21. पानी की कमी के कारण कोशिका के संकुचित होकर कोशिका भित्ति से अलग होने की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है?**

(अ) डि प्लाज्मोलिसिस (ब) साइटोलिसिस

(स) प्रकाश संश्लेषण (द) प्लाज्माोलिसिस

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** पानी की कमी के कारण कोशिका के संकुचित होकर कोशिका भित्ति से अलग होने की प्रक्रिया को प्लाज्मोलिसिस कहते हैं

**22. माता- पिता से संतान में शारीरिक या मानसिक गुणों के संचरण को___ कहा जाता है?**

(अ) वंश (ब) रूपांतरण (स) क्रमिक विकास (द) आनुवंशिकता

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** माता-पिता से संतानों में शारीरिक अथवा मानसिक गुणों/ लक्षणों के संचरण को आनुवंशिकता कहा जाता है आनुवंशिकता के नियमों एवं क्रियाविधि के अध्ययन को आनुवंशिकी कहा जाता है

**23. निम्नलिखित में लीनियस पदानुक्रम के अवरोही क्रम में व्यवस्थित करें?**

(अ) जगत- कुल- वंश- जाति- वर्ग- संघ- गण

(ब) जगत- गण- जाति- वंश- वर्ग- कुल- संघ

(स) जगत- संघ- वर्ग- गण- कुल- वंश- जाति

(द) जाति- वंश- कुल- गण- वर्ग- संघ- जगत

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** वर्गीकरण विज्ञान शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम कैरोलस लीनियस ने अपनी पुस्तक सिस्टेमा नेचुरी में किया था इसलिए कैरोलस लीनियस को वर्गिकी का जनक कहते हैं वर्गीकरण की मूल इकाई जाति एवं सर्वोच्च इकाई जगत है समी इकाईयों को अवरोही क्रम या पदानुक्रम में व्यवस्थित किया जाता है जो निम्नवत् है- जगत- संघ- वर्ग- गण- कुल- वंश- जाति

**24. ---- में विटामिन डी सबसे ज्यादा होता है?**

(अ) बिनौला का तेल (ब) जैतून का तेल

(स) कॉड लिवर तेल (द) सूरजमुखी का तेल

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** कॉड लिवर तेल में विटामिन डी सबसे ज्यादा होता है मछली के तेल में ओमेगा-3 वसा अम्ल होते हैं जो शरीर के शोथ को कम करते हैं

**25. बर्ड फ्लू किसके कारण होता है?**

(अ) एचपीवी वायरस (ब) एच5 एन1 वायरस

(स) सीसी मक्खी (द) एनाफिलीज मच्छर

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** बर्ड फ्लू की बीमारी एवियन इनफ्लुएंजा वायरस H5N1 के कारण होती है यह अत्यधिक संक्रामक बीमारी है जो इनफ्लुएंजा टाइप-ए वायरस के कारण होती है यह मुख्यतः पक्षी प्रजातियों को प्रभावित करता है

**26. निद्रालुता रोग इनमें से किसके कारण होता है?**

(अ) घरेलू मक्खी (ब) मच्छर

(स) सीसी मक्खी (द) सिकता मक्खी

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** निद्रालुता रोग या स्लीपिंग सिकनेस जिसे ट्रिपैनोसोमियासिस के रूप में भी जाना जाता है एक वेक्टर जनित परजीवी रोग है यह जीनस ट्रिपैनोसोमा से संबंधित प्रोटोजोआ परजीवी के संक्रमण के कारण होता है यह सीसी मक्खी के काटने से मनुष्य में संचारित होते हैं यह मक्खी उप सहारा देशों में पाई जाती है

**27. प्रकाश संश्लेषण प्रकाश की उपस्थिति से होता है किस रंग के प्रकाश की रेंज प्रकाश संश्लेषण की दर को सबसे कम प्रभावित करती है?**

(अ) नीला (ब) लाल (स) हरा (द) पीला

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** हरे पौधों की कोशिकाओं में सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में कार्बन डाइऑक्साइड एवं जल के संयोग से कार्बन मुक्त यौगिकों के निर्माण करने की क्रिया को प्रकाश संश्लेषण कहते हैं प्रकाश संश्लेषण की दर लाल किरणों में सबसे अधिक नीले प्रकाश में लाल से कुछ कम तथा हरी किरणों में सबसे कम अथवा नहीं के बराबर होती है

**28. कन्संट्रेशन ग्रेडिएट के खिलाफ कोशिका की हलचल को क्या कहा जाता है?**

(अ) सक्रिय परिवहन (ब) प्रसार

(स) विपरीत परासरण (द) परासरण

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** कन्संट्रेशन ग्रेडिएट के खिलाफ कोशिका की हलचल को सक्रिय परिवहन कहा जाता है वाहिनिकाएं संवहनी पौधों की प्राथमिक एवं द्वितीयक जाइलम में पाई जाती है ये पौधों की जड़ से जल एवं खनिज लवण को पत्ती तक पहुंचाते हैं

**29. पानी को ब्लीचिंग पाउडर में मिलाने पर कौन सी गैस निकलती है?**

(अ) कार्बन डाइऑक्साइड (ब) हाइड्रोजन

(स) ऑक्सीजन (द) क्लोरीन

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** पानी को ब्लीचिंग पाउडर में मिलाने पर क्लोरीन गैस निकलती है इसे कैलशियम हाइपोक्लोराइट भी कहा जाता है यह एक अकार्बनिक योगिक है इसका उपयोग क्लोरोफॉर्म तथा क्लोरीन गैस बनाने में किया जाता है

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**30. निम्नलिखित में से कौन एकपरमाणुक है?**

(अ) गंधक (ब) आर्गन (स) हाइड्रोजन (द) ऑक्सीजन

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** वह परमाणु जिसके वाह्यतम कोश में कोई संयोजी इलेक्ट्रॉन न हो अर्थात उस परमाणु के वाह्य कोश को पूर्णता भरे हो उसे एकपरमाणुक कहते हैं समस्त अक्रिय गैस एकपरमाणुक हैं जैसे- आर्गन, हीलियम, नियॉन, रेडॉन, जी नॉन, जीनॉन, क्रिप्टॉन

**31. ------ टूथपेस्ट की सामग्रियों में से एक नहीं है?**

(अ) फ्लोराइड (ब) सोडियम कार्बोनेट

(स) कैल्शियम कार्बोनेट (द) मैग्नीशियम कार्बोनेट

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** सोडियम कार्बोनेट टूथपेस्ट की सामग्रियों में से नहीं है सोडियम कार्बोनेट को धोने वाला सोडा या धावन सोडा कहा जाता है वांशिग सोडा का बड़े पैमाने पर उत्पादन विधि लेब्लांक तथा विद्युत विधि द्वारा किया जाता है इसका प्रयोग जल की कठोरता दूर करने पेट्रोलियम को शुद्ध करने एवं कास्टिक सोडा बनाने के लिए किया जाता है

**32. कैल्शियम ऑक्साइड का दूसरा नाम क्या है?**

(अ) क्विकलाइम (ब) सीमेंट

(स) लाइम सोडा (द) वेकिंग सोडा

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** कैल्शियम ऑक्साइड का दूसरा नाम क्विकलाइम या बर्न लाइम के रूप में जाना जाता है यह एक रासायनिक यौगिक है

**33. कौन सा बल हमारे सौरमंडल की संरचना को बनाए रखता है?**

(अ) प्रत्यास्थ (ब) विद्युत स्थैतिक

(स) यांत्रिक बल (द) गुरुत्वाकर्षण

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** सौरमंडल में सूर्य और खगोलीय पिंड सम्मिलित है जो इस मंडल में एक दूसरे के गुरुत्वाकर्षण बल द्वारा बंधे होते हैं सूर्य और उसकी परिक्रमा करते ग्रह, क्षुद्रग्रह और धूमकेतुओं से सौरमंडल का निर्माण होता है हमारे सौरमंडल में 8 ग्रह है जिसमें बृहस्पति सबसे बड़ा तथा बुध सबसे छोटा ग्रह है

**34. जब--- वस्तुएं प्रकाश के मार्ग में आती है तो छाया बनती है?**

(अ) पारदर्शी (ब) अपारदर्शी (स) प्रकाशमान (द) पारभासी

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** जब प्रकाश के पथ में कोई अपारदर्शी वस्तु आ जाती है तो छाया बनती है ऐसे पदार्थ जिनमें से होकर वस्तुओं को आर-पार नहीं देखा जा सकता उन्हें अपारदर्शी वस्तु कहते हैं जैसे- पेपर, धातुएं, लकड़ी इत्यादि

**35. आकाश का नीला रंग निम्न में से किसके कारण होता है?**

(अ) प्रकाश का अपवर्तन (ब) प्रकाश का विकीर्णन

(स) प्रकाश का विवर्तन (द) प्रकाश का प्रकीर्णन

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** आकाश का नीला रंग प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण होता है सूर्य से आने वाला प्रकाश जब वायुमंडल से होकर गुजरता है तो वायु के अणुओं एवं धूल के महीन कणों द्वारा इस का प्रकीर्णन हो जाता है






YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें


सभी किताबों का निचोड़
MPSI
आएगा तो यहीं से
ब्रह्मास्त्र PDF पढ़ लो
Tez Education


सभी किताबों का निचोड़
म.प्र. पुलिस
आएगा तो यहीं से
ब्रह्मास्त्र PDF पढ़ लो
Tez Education


सभी किताबों का निचोड़
पटवारी
आएगा तो यहीं से
ब्रह्मास्त्र PDF पढ़ लो
Tez Education